दिन– शनिवार दिनांक– 12 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. देशभर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का त्योहार पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी पटना के गांधी मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन।

02. दुर्गा पूजा उत्सव के बाद प्रतिमा विसर्जन शुरू। सभी जिलों में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

03. चेन्नई के पास कवरपेट्टई में बागमती एक्सप्रेस दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों के लिए दरभंगा तक चलायी गयी विशेष ट्रेन।

04. और, प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

————————————————————————

देशभर में आज बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का त्योहार पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में भी उत्सव का वातावरण है। विजयादशमी के अवसर पर राजधानी पटना के गांधी मैदान में रावण वध का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

———रिपोर्ट———

पटना के गांधी मैदान में इस बार रावण का अस्सी फीट, कुभंकरण का पचहत्तर फीट और मेघनाद का सत्तर फीट ऊंचा पुतला बनाया गया था। साथ ही सोने की लंका भी सजाई गयी थी। इस कार्यक्रम में इकोफ्रेंडली पटाखे का इस्तेमाल कर के पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पटना और आस–पास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में गांधी मैदान पहुंचे लोग बुराई के प्रतीक के रूप में लंका दहन के दृश्य से भाव–विभोर हो गए। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किये गये। गया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहर के गांधी मैदान में हजारों की संख्या में रावण दहन को देखने के लिए लोग मौजूद थे।

———रिपोर्ट———

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में विजयादशमी के साथ ही कलश विसर्जन को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। बेतिया के जोड़ा शिवालय में रावण दहन कार्यक्रम बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं, बगहा पुलिस जिला के चंडी स्थान में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाथी–घोड़े के साथ शहर में जुलूस निकाला गया। इधर, बक्सर के रामलीला मैदान में रावण दहन कार्यक्रम में बिहार समेत सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश से से भी हजारो की संख्या में लोग पहुँचे। समस्तीपुर के जितवारपुर में आज रावण विध्वंशलीला समारोह का आयोजन किया गया। भागलपुर, मुंगेर समेत अन्य जिलों में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किये गये।

———————————————————————————

दशहरा के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि ये पर्व हमें ईमानदारी, सचरित्रता, सहिष्णुता, सेवा, करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

———————————————————————————

दुर्गा पूजा उत्सव के बाद आज से मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो गया है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रदूषण से बचने के लिए विशेष दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। दुर्गा पूजा के बाद मूर्तियों और पूजा सामग्री के सीधे नदियों में विसर्जन को रोकने के लिए नदी घाटों पर कृतिम तालाब बनाए गये हैं। विसर्जन जुलूस के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। अतिरिक्त पुलिस बलों को तैनात किया गया है। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर दंडाधिकारी को भी तैनात किया गया है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन अनूठे अंदाज में किया जाता है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

मुजफ्फरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कई स्थानों पर बंगाली महिलाओं ने सिंदूर खेला कर माता की आराधना की।

—————बाईट———

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कई जगहों पर बंगाली प्रथा के मुताबिक सिंदूर की होली खेल कर माता को बिदाई दी गई।

———रिपोर्ट———

———————————————————————

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर दुख व्यक्त किया है। डॉक्टर भागवत ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 99वें स्थापना दिवस पर नागपुर में विजयादशमी के मुख्य समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में शर्मनाक और अपमानजनक घटना अपराध और राजनीति के बीच सांठ–गांठ का परिणाम है। इधर, आरएसएस के स्थापना पर्व पर प्रदेश के कई स्थानों पर पथ संचलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

———————————————————————

दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन में गुम्मिडिपोंडी के पास कवरपेट्टई में कल रात हुई मैसूर–दरभंगा बागमती एक्सप्रेस दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। यह ट्रेन पोन्नेरी से गुजर रही थी, तभी यह ट्रेन वहां खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस दुर्घटना में घायल हुए सोलह यात्रियों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक ने बताया कि उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच के नतीजे आने के बाद दुर्घटना के कारणों का पता लग सकेगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक मरम्मत का काम जोरों पर चल रहा है। यातायात सुचारू करने में दस घंटे से अधिक का समय लग सकता है। इधर, हादसे के बाद दक्षिण रेलवे की ओर से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों को उनके गणंतव्य तक पहुंचाने के लिए आज सुबह चेन्नई सेंट्रल से एक विशेष ट्रेन रवाना की गयी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दो हजार चौबीस के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। पंजीकरण इस महीने की पच्चीस तारीख तक चलेगा। इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में घोषित की गई यह पहल युवाओं को कारोबारी माहौल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता के लिए बारह महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 193 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार ने इंटर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर इस महीने की तीन तारीख को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल pminintership-mca-gov-in के माध्यम से प्रदान किए जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एक मुश्त राशि भी दी जाएगी। इंटर्नशिप के यह अवसर 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सात सौ 37 जिलों में उपलब्ध होंगे। यह अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे 24 क्षेत्रों में मिलेंगे। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने कहा है कि आपातकालीन गर्भनिरोधक दवा की बिक्री और वितरण नियंत्रित करने वाले नियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और ये बिना डॉक्टर के पर्चे के उपलब्ध होती रहेंगी। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कहा है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में औषधि नियमों में बदलाव के प्रस्ताव की गलत व्याख्या की गई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर पटना के लोहिया पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने डॉक्टर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आकाशवाणी दरभंगा के प्रसिद्ध पूर्व रेडियो प्रस्तुतकर्ता और संगीतकार इंद्रानंद सिंह झा का आज  दरभंगा में उनके पैतृक गांव चनौर में निधन हो गया। वे सतहत्तर वर्ष के थे। आकाशवाणी दरभंगा से अपने ग्रामीण रेडियो वार्ता कार्यक्रम गामघर के लिए

अत्यंत लोकप्रिय रहे। वे अपनी सेवा के दौरान रेडियो श्रोताओं के बीच बहुत लोकप्रिय थे। उनके निधन पर सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

आज विश्व गठिया दिवस है। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के कारण असहनीय पीड़ा होती है, जिसे गठिया या अर्थराइटिस कहा जाता है। हड्डी रोग के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष बारह अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में र्‌हूमेटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉक्टर उमा कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में गठिया रोग की पहचान और उसके उचित उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को सोशल मीडिया या किसी अन्य से सुनकर स्वयं ही उपचार नहीं करना चाहिए।

———————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे– धीरे कमी दर्ज की जा रही है। हालांकि तापमान अब भी सामान्य से एक से दो डिग्री अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा तथा आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

खगड़िया जिले के मानसी थाना की पुलिस ने आग्नेयास्त्र तस्करी में शामिल मानसी और बेलदौर थाना क्षेत्र से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निजुआरा पूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. देशभर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का त्योहार पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी पटना के गांधी मैदान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन।

02. दुर्गा पूजा उत्सव के बाद प्रतिमा विसर्जन शुरू। सभी जिलों में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

03. चेन्नई के पास कवरपेट्टई में बागमती एक्सप्रेस दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों के लिए दरभंगा तक चलायी गयी विशेष ट्रेन।

04. और, प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।